कक्षा–12 NCERT राजनीति विज्ञान (समकालीन विश्व राजनीति)

अध्याय–01 (शीतयुद्ध का दौर / Cold War Era) नोट्स भाग–1

Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria

Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg

Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh (Siddhi Vinayak Sangaria)

---

1. प्रथम विश्व युद्ध कब हुआ?

प्रथम विश्व युद्ध 1914 से 1918 के बीच हुआ।

2. द्वितीय विश्व युद्ध कब हुआ?

द्वितीय विश्व युद्ध 1939 से 1945 के बीच हुआ।

3. द्वितीय विश्व युद्ध किनके मध्य हुआ?

द्वितीय विश्व युद्ध मित्र राष्ट्रों और धुरी राष्ट्रों के मध्य हुआ।

4. द्वितीय विश्व युद्ध के मित्र राष्ट्रों के नाम बताइए।

मित्र राष्ट्र– अमरीका, सोवियत संघ, ब्रिटेन और फ्रांस।

5. द्वितीय विश्व युद्ध के धुरी राष्ट्रों के नाम बताइए।

धुरी राष्ट्र– जर्मनी, जापान, इटली।

6. अमरीका ने द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के किन दो शहरों पर परमाणु बम गिराए थे?

अमरीका ने द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए थे।

7. अमरीका ने द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के दो शहरों पर परमाणु बम गिराए थे, उनके गुप्त नाम क्या थे?

अमरीका ने द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के दो शहरों पर परमाणु बम गिराए थे, उनके गुप्त नाम लिटिल ब्वॉय और फैटमैन थे।

8. जापान पर परमाणु बम गिराए जाने पर अमरीका की आलोचना क्यों हुई?

जापान पर परमाणु बम गिराए जाने पर अमरीका की आलोचना हुई क्योंकि जापान आत्मसमर्पण करने वाला था, ऐसे में बम गिराने की आवश्यकता नहीं थी।

9. जापान पर परमाणु बम गिराए जाने को लेकर अमरीका के समर्थकों का क्या तर्क था?

अमरीका के समर्थकों का तर्क था कि युद्ध को जल्दी से जल्दी समाप्त करने तथा अमेरिका और साथी देशों की आगे की जनहानि को रोकने के लिए परमाणु बम गिराना जरूरी था।

10. जापान पर परमाणु हमले के पीछे अमरीका का मुख्य उद्देश्य क्या था?

अमरीका, सोवियत संघ के सामने यह जाहिर करना चाहता था कि विश्व में अब वह सबसे बड़ी ताकत है।

11. शीतयुद्ध किसे कहते हैं?

जब दो या दो से अधिक देशों के बीच युद्ध होने की पूरी संभावना रहती है लेकिन वास्तव में कोई युद्ध नहीं हो, इसे शीतयुद्ध कहते हैं।

शीतयुद्ध में युद्ध की आशंका, डर, तनाव, संघर्ष जारी रहता है लेकिन युद्ध नहीं होता है, ऐसा सोवियत संघ और अमरीका के मध्य हुआ।

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

12. शीतयुद्ध की शुरूआत कब हुई?

द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के साथ ही शीतयुद्ध की शुरूआत हुई।

13. ऐसे दो मित्र देशों के नाम बताइए जिनके मध्य शीतयुद्ध हुआ?

दो मित्र देश अमरीका और सोवियत संघ के मध्य शीतयुद्ध हुआ।

14. शीतयुद्ध के प्रमुख कारणों को लिखिए।

शीतयुद्ध के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं–

1. अमरीका और सोवियत संघ का महाशक्ति बनने की होड़ में एक–दूसरे के मुकाबले खड़े होना शीतयुद्ध का सबसे बड़ा कारण बना।
2. अपनी विचारधारा की लड़ाई में अमरीका साम्यवादी विचारधारा का प्रभाव कम करना चाहता था तो सोवियत संघ पूंजीवादी विचारधारा को खत्म करना चाहता था।
3. परमाणु बम से होने वाले भारी नुकसान की मार झेलना किसी भी राष्ट्र के बस की बात नहीं थी। ऐसे में आमने–सामने युद्ध होने की संभावना कम ही थी।
4. एक–दूसरे को उकसावे के बावजूद कोई भी पक्ष युद्ध का खतरा मोल लेना नहीं चाहता था, क्योंकि युद्ध अत्यधिक खर्चीला एवं विध्वंसात्मक होता है।

Class – 12th NCERT राजनीति विज्ञान के प्रत्येक अध्याय को अच्छे से समझने के लिए सिद्धि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें। इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT POL SC|2021-22|Class 12

(https://www.youtube.com/watch?v=T1_JmzbsaAM&list=PLIlq5TfwxGWF7iVqpMJgSuc6OVr8kERaU)

में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

धन्यवाद

सिद्धि विनायक संगरिया टीम

Youtube Channel: Siddhi Vinayak Sangaria